मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-06
03/01/2022

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 'पटना साहिब भवन' का किया उद्घाटन

पटना, 03 जनवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गुरूद्वारा, गुरू के बाग स्थित परिसर में नवनिर्मित 'पटना साहिब भवन' का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का मुआयना किया और अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि यहां के व्यवस्थापकों से विमर्श कर लें और जो भी आवश्यकता हो इनकी मदद करें।

इस अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री राम सूरत कुमार, पूर्व मंत्री–सह–विधायक श्री नंद किशोर यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******